4. **क्या हरेक दृष्टिहीन व्यक्ति को कॉर्नियल प्रत्यारोपण से लाभ मिलेगा?**
   नहीं, केवल क्षतिग्रस्त या रोगग्रस्त कॉर्निया वाले लोगों को ही कॉर्नियल प्रत्यारोपण से लाभ मिल सकता है।

5. **क्या वे लोग नेत्र ऊतक दान कर सकते हैं, जो चश्मा पहनते हैं या जिन्हें मोतियाबिंद या ग्लूकोमा है?**
   स्वस्थ कॉर्निया वाले लोग अपने नेत्र ऊतक का दान करने में सक्षम होते हैं।

6. **क्या कैंसर से पीड़ित लोग अपने नेत्र ऊतक दान कर सकते हैं?**
   जिन लोगों को ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा या कुछ प्रकार के नेत्र कैंसर हैं, वे दान करने में असमर्थ होते हैं।

एक प्राप्तकर्ता की कहानी...

जब लगातार तरीके से बढ़ने वाले एक नेत्र रोग के कारण 23-वर्षीय महिला हेदर की दृष्टि इस स्तर तक कम हो गई कि वे अब गाड़ी चलाने, बस में नंबर देखने, या अपनी नौकरी में काम कर पाने में अक्षम हो गई, तो उन्होंने एक 4 वर्ष के नर्सिंग प्रोग्राम से स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

अपनी कॉर्नियल सर्जरी के बाद उन्होंने कहा:

"जब पट्टी उतर गई, तो मैं कमरे में सामने की दीवार देख सकती थी। मैं देख सकती थी कि मेज पर क्या रखा था। मैं पहले यह नहीं कर पाती थी। मुझे बस ऐसा लगा, वाह!!"

"निराश करने वाली बात यह है कि आप यह भी नहीं जानते हैं कि धन्यवाद कैसे कहें। आप उन लोगों को नहीं जानते हैं, जिन्होंने इसे संभव बनाया। आप चाहते हैं कि आप उन्हें बता सकें कि किसी की मृत्यु होने के बाद उन्होंने कुछ अच्छा हासिल किया है। उन्होंने मुझे अपना रोजगार वापस दे दिया। **उन्होंने मुझे एक जीवन दिया। धन्यवाद।**"

आई बैंक ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया

855 West 12th Avenue
JPPN-B205
Vancouver BC V5Z 1M9

टेली: 604-875-4567
नि:शुल्क (बीसी में): 1-800-667-2060
फैक्स: 604-875-5316
वेबसाइट: eyebankofbc.ca
ईमेल: eyebankofbc@vch.ca
फेसबुक: facebook.com/EyeBankBC

Vancouver Coastal Health

और अधिक प्रतियों के लिए वेबसाइट **vch.eduhealth.ca** पर ऑनलाइन जाएँ या **phem@vch.ca** पर ईमेल भेजें और कैटलॉग सं. **GV.315.Ey311** बताएँ।

© Vancouver Coastal Health, नवंबर 2024

vch.ca

EYE BANK OF BRITISH COLUMBIA

दृष्टि का उपहार

Hindi

परिचय

आई बैंक ऑफ बीसी एक प्रांतीय गैर-लाभ संगठन है, जो प्रत्यारोपण, शिक्षा और अनुसंधान के लिए नेत्र ऊतक उपलब्ध कराता है। हम परिवारों को अपने प्रियजनों के नेत्र ऊतक दान करने का अवसर देते हैं।

प्रत्यारोपणों में आंख के दो हिस्सों - कॉर्निया और स्क्लेरा - का उपयोग किया जाता है। कॉर्निया आंख के आगे का हिस्सा है, जो स्वस्थ होने पर पारदर्शी होता है। कॉर्निया की कुछ समस्याओं के कारण दृष्टिहीनता पैदा होती है और एक सफल कॉर्नियल प्रत्यारोपण दृष्टि को नाटकीय तरीके से बहाल कर सकता है। स्क्लेरा आंख का सफेद हिस्सा होता है, जिसका उपयोग कई तरह की दृष्टि-संबंधी सर्जिकल प्रक्रियाओं में किया जा सकता है।

आई बैंक 75 वर्ष की आयु तक के दाताओं से ऊतक स्वीकार करता है।

किसी व्यक्ति के निधन होने के 8 घंटों के अंदर नेत्र ऊतक प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

कॉर्नियल प्रत्यारोपण के लिए 400 से भी अधिक ब्रिटिश कोलंबियावासी प्रतीक्षा कर रहे हैं।

एक नेत्रदाता इस तरह से सहायता कर सकता है:

- अधिकतम 2 लोगों के लिए कॉर्नियल प्रत्यारोपण, और
- अधिकतम 6 लोगों के लिए स्क्लेरल प्रत्यारोपण।

पेनेट्रेटिंग केराटोप्लास्टी



1. रोगग्रस्त या क्षतिग्रस्त कॉर्निया
2. कॉर्नियल "बटन" निकाला गया
3. दाता "बटन" स्पष्ट
4. दाता कॉर्निया को सही स्थान पर टांकों से लगाया गया

मैं सहायता कैसे कर सकता/ती हूँ?

नेत्रदाता बनने पर विचार करें।

- अपनी इच्छाओं के बारे में अपने परिवार के साथ चर्चा करें, ताकि वे आपके निर्णय का सम्मान कर सकें।
- अपने निर्णय को रजिस्टर करने के लिए बीसी डोनर रजिस्ट्री eyebankofbc.ca/resources पर जाएँ और "बीसी डोनर रजिस्ट्री" पर क्लिक करें, या 1-800-663-6189 पर कॉल करें।

आई बैंक ऑफ बीसी को वीजीएच एवं यूबीसी अस्पताल फाउंडेशन के माध्यम से आर्थिक दान देने पर विचार करें।

- वेबसाइट eyebankofbc.ca पर जाएँ और वीजीएच एवं यूबीसी फाउंडेशन लिंक पर क्लिक करें या 604-875-4676 पर कॉल करें।

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

1. **क्या पूरे नेत्र का प्रत्यारोपण किया जाता है?**

   नहीं, प्रत्यारोपण के लिए केवल आंख के पारदर्शी, आगे के हिस्से (कॉर्निया) और /या आंख के सफेद हिस्से (स्क्लेरा) का उपयोग किया जाता है। यदि पहले से सहमति दी गई हो, तो प्रत्यारोपण के लिए उपयोग नहीं किए जाने वाले नेत्र के कुछ हिस्सों का उपयोग अनुसंधान और शिक्षण उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इससे भविष्य में नेत्र रोगों के उपचार में सहायता मिल सकती है।

2. **दान के बाद व्यक्ति कैसा दिखाई देगा?**

   व्यक्ति स्वाभाविक दिखाई देगा, मानों वे सो रहे हों। बहुत ही कम स्थितियों में आंखों के इर्द-गिर्द थोड़ी खरोंचें या सूजन हो सकती है। खुले ताबूत की सेवा होना संभव है।

3. **क्या परिवार को बताया जाता है कि नेत्र ऊतक किसे प्राप्त होते हैं?**

   नहीं, दाता और प्राप्तकर्ता(ओं) की पहचान गोपनीय रहती है।